**प्रेस नोट**

**जनपद – सोनभद्र**

**दिनांक – 02.11.2025**

## सोनभद्र पुलिस की बड़ी सफलता — थाना पिपरी व साइबर क्राइम पुलिस थाना ने साइबर फ्रॉड गैंग का किया पर्दाफाश, 04 अभियुक्त गिरफ्तार, भेजे गए जेल

थाना पिपरी व साइबर क्राइम पुलिस थाना ने साइबर अपराध के एक प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए 04 साइबर ठगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इन अभियुक्तों द्वारा QR कोड स्कैन कर धोखाधड़ी के माध्यम से लोगों से धन ठगे जाने का अपराध किया जा रहा था।

**घटना का विवरण** : शिकायतकर्ता अजय कुमार पुत्र संकठा प्रसाद चौरसिया, निवासी मेन रोड, रेनूकुट थाना पिपरी जनपद सोनभद्र द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया कि अज्ञात व्यक्तियों ने वादी के दुकान पर लगे QR कोड को कहीं अन्यत्र भेजकर धोखा धड़ी का पैसा मंगाकर वादी से कैश लिया गया तथा खाते में ₹5200/- धोखा धड़ी का पैसा अकाउण्ट में डालने से वादी का अकाउण्ट हो गया। इस पर थाना पिपरी में मुकदमा अपराध संख्या 217/2025, धारा 318(4), 336(3) BNS व 66D IT Act के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी के पर्यवेक्षण में थाना पिपरी व साइबर क्राइम पुलिस थाना की संयुक्त टीम ने दिनांक 01.11.2025 की रात्रि में तकनीकी साक्ष्यों व सर्विलांस की मदद से अभियुक्तों की तलाश कर उन्हें थाना पिपरी क्षेत्र के मुर्धवा मोड़ से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तगण लखनऊ से बी0बी0ए0 व डटा ऐनालिसिस का कोर्स गोयल इंस्ट्यूट व महर्षि यूनिवर्सिटी से कर रहे हैं। अभियुक्तों के कब्जे से 04 एंड्रॉइड मोबाइल फोन व 02 मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।

अभियुक्तगण इसके अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों से  धोखाधड़ी करके उनका पैसा  निकाल लिए है । इसके अतिरिक्त इनके विरुद्ध अन्य शिकायत भी दर्ज है । ये शातिर किस्म के स्कैमर है । इनके द्वारा जनसेवा केन्द्रों और वित्तीय संस्थानों से संपर्क स्थापित कर उनका QR कोड़ ले लेते थे और उसी QR कोड पर फ्राड करके पैसा मंगवाते थे और इनको इसके बजाय कमीशन से रुप में अलग से पैसा मिलता है ।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण :**

1- आर्यन सिंह पुत्र सुधीर सिंह निवासी रेमण्ड शाप के पीछे रेनूकूट थाना पिपरी जनपद सोनभद्र, स्थायी पता गहमर गाजीपुर उम्र करीब 21 वर्ष।

2- अंगद सिंह पुत्र सुधीर सिंह निवासी रेमण्ड शाप के पीछे रेनूकूट थाना पिपरी जनपद सोनभद्र, स्थायी पता गहमर गाजीपुर उम्र करीब 20 वर्ष।

3- मो0 आरिफ पुत्र अफरोज अहमद निवासी अकबरपुर जिला रोहतास बिहार हालपता जैन काम्प्लेक्स के पीछे वार्ड नम्बर 3, सेकेण्ड प्लांट N2332, रेनूकूट थाना पिपरी सोनभद्र उम्र करीब 24 वर्ष।

4- मो0 तौहीद वारसी पुत्र नजीर अहमद निवासी सनौल थाना सुहवल जिला गाजीपुर हालपता जैन काम्प्लेक्स के पीछे वार्ड नम्बर 3 रेनूकूट थाना पिपरी सोनभद्र उम्र करीब 22 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-**

अभियुक्तों के कब्जे से 04 एंड्रॉइड मोबाइल फोन व 02 मोटरसाइकिलें बरामद।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम :-**

1- प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय थाना पिपरी सोनभद्र।
2- प्रभारी निरीक्षक डी0के चौधरी साइबर थाना सोनभद्र ।
3- व0उ0नि0 शिव कुमार सिंह थाना पिपरी सोनभद्र ।
4- हे0का0 महेश कुमार सरोज थाना पिपरी सोनभद्र ।
5- हे0का0 शिव नन्दन साइबर थाना सोनभद्र ।
6- का0 अखिलेश यादव साइबर थाना सोनभद्र ।
7- का0 प्रदीप कुमार पाल चौकी रेनुकूट थाना पिपरी सोनभद्र ।

सोशल मीडिया सेल सोनभद्र